डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : सम्ब0/1668/2026 दिनांक : 09/07/2026

सेवा में,

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, निदेशक, प्रभारी आवासीय इकाई।

विषयः शासन के निर्देशों के क्रम में दिनांक 12 जुलाई, 2026 को आयोजित "वृक्षारोपण महायज्ञ–2026" में सहभागिता एवं आवश्यक कार्यवाही के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, लखनऊ के पत्रांक 673/सत्तर–3–2026–1918735 दिनांक 08.07.2026 (प्रतिलिपि संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त शासनादेश के अनुसार "वृक्षारोपण महायज्ञ–2026" के अंतर्गत दिनांक 12 जुलाई, 2026 (रविवार) को प्रदेशव्यापी वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया जाना है। शासन द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के लिए निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हेतु समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की सक्रिय सहभागिता अपेक्षित है।

अतः शासन के निर्देशों के अनुपालन में आपसे अपेक्षा की जाती है कि अपने महाविद्यालय में निम्नलिखित कार्यवाही सुनिश्चित करें—

1. वृक्षारोपण हेतु अग्रिम रूप से भूमि/गड्ढों की तैयारी समय से पूर्ण कर ली जाए।
2. आवश्यकतानुसार पौधों की मांग संबंधित विभाग/संस्था से कर उन्हें समय से प्राप्त कर लिया जाए।
3. वृक्षारोपण शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं प्रदर्शित विधि के अनुसार कराया जाए।
4. एन०एस०एस०, एन०सी०सी०, स्काउट्स/रोवर्स–रेंजर्स तथा अधिकाधिक छात्र–छात्राओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए।
5. अध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी अभियान से जोड़ते हुए अधिकाधिक संख्या में पौधारोपण कराया जाए।
6. रोपित पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
7. रोपित समस्त पौधों की 100 प्रतिशत जियो–टैगिंग "हरितिमा अमृत वन" ऐप पर अनिवार्य रूप से कराई जाए।
8. वृक्षारोपण अभियान का सफल आयोजन करते हुए उसकी फोटोग्राफ्स एवं संक्षिप्त आख्या विश्वविद्यालय के ई–मेल आईडी dswdbrau@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे शासन को समयबद्ध सूचना प्रेषित की जा सके।

अतः आपसे अपेक्षा है कि उक्त शासनादेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए दिनांक 12 जुलाई, 2026 को वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाया जाए।

संलग्नक : यथोक्त (शासनादेश की प्रति)

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. प्रो० बी0एस0 शर्मा, **(अधिष्ठाता छात्र कल्याण)** एस0एल0एस0 संस्थान, आगरा को इस आशय से प्रेषित कि संकलित सूचना ससमय शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. प्रभारी, कुलपति सचिवालय, मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. अधिकृत एजेंसी को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना समस्त महाविद्यालयों के लॉगिन पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Affisvlett